GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 27.10.2020

AMAR UJALA

'बीबीए का अधूरा रिजल्ट किया गया था अपलोड'

एश्लॉन इंस्टीट्यूट के संबंध में जेसी बोस विवि ने दिया अपनी तरफ से स्पष्टीकरण

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) की ओर से एश्लॉन इंस्टीट्यूट के परीक्षा परिणामों के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया गया है। जिसके अनुसार, संस्थान के बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों के परिणाम अभी जारी नहीं किए गए हैं। पोर्टल पर परीक्षा परिणाम से पूर्व के अधूरे अंक अपलोड किए गए थे। इसे छात्र परीक्षा परिणाम न मानें। यह परिणाम प्रैक्टिकल/प्रोजेक्ट मूल्यांकन के अंकों के कारण लंबित हैं। जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

विवि प्रवक्ता जितेंद्र यादव की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि परीक्षा शाखा द्वारा परिणाम के सत्यापन और घोषणा के लिए पोर्टल पर कुछ अपडेट जारी किए गए थे। अंकों को सत्यापित करने की प्रक्रिया के दौरान कुछ छात्रों द्वारा वेब पोर्टल पर लॉग-इन किया गया। असत्यापित और अधूरे अंकों का परिणाम डाउनलोड कर लिया गया, जिसमें सभी अंक दर्ज नहीं किए गए थे। इस तरह एश्लॉन इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग के बीबीए छात्रों से संबंधित ऐसे सभी अपूर्ण और असत्यापित अंक/परिणाम को अमान्य माना जाए। परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं। यह सभी परिणाम वेब पोर्टल पर आरएलए के रुप में दिखाये जा रहे हैं बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों से आग्रह किया है कि अमान्य या अधूरे अंकों पर संज्ञान न लें। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा घोषणा होने वाले परिणामों की प्रतीक्षा करें।